By-email

पत्रांक–म०भो०/को०–47/12 2647/

**बिहार सरकार**

**शिक्षा विभाग**

बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति

प्रेषक,

निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला मध्याह्न भोजन योजना प्रभारी पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक 20/11/13

**विषयः प्रशिक्षण हेतु प्रोजेक्टर खरीदने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आप अवगत हैं कि मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय के द्वारा सभी जिला के जिला समन्वयक, जिला साधन सेवी एवं प्रखंड साधन सेवी को मास्टर ट्रेनर के रूप में पटना में चार दिवसीय अवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 23.10.2013 से 22.01.2014 के द्वारा तैयार किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर द्वारा जिला के सभी प्रधानाध्यापक, षिक्षा समिती के अध्यक्ष/सचिव एवं रसोइया–सह–सहायक को प्रशिक्षण दिया जाना है। यह प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के सहयोग से किया जायेगा।

जिला की आवश्यकता को देखते हुये यह विचार किया गया कि प्रशिक्षण कार्य हेतु कम्प्यूटर, इंटरनेट, प्रोजेक्टर, DVD/CD Player एवं Sound सभी सुविधा उपलब्ध करना है।

उपयुक्त सभी समाग्री जिला स्तर पर अनुमान्य राशि में स्थानीय क्रय समिति के माध्यम से सामग्रियों का क्रय अलग–अलग किया जा सकता है या K-yan Projector का भी क्रय किया जा सकता है जिसमे कि उपयुर्क्त सभी Features है।

साथ ही स्पष्ट करना है कि पंचायती राज विभाग, सर्व शिक्षा अभियान एवं SC, ST welfare विभाग द्वारा उल्लेखित समाग्री हेतु एकीकृत Device K-yan Projector क्रय किया गया है। इस Projector के माध्यम से प्रखड़ स्तर पर प्रशिक्षण देने के लिए उपयोग किया जाता है। उपयुक्त सभी समाग्री क्रय प्रबंधन, अनुश्रवण एवं मुल्याकन मद से किया जाना है जिसकी अधिकतम राशि 85000 रू० है। पूर्व से उपलब्ध प्रबंधन, अनुश्रवण एवं मुल्याकन राशि का उपयोग उपयुक्त सामग्रियों को क्रय करने हेतु उपयोग करना है। यदि किसी जिला में प्रबंधन, अनुश्रवण एवं मुल्याकन मद में राशि कम हो या उपलब्ध नहीं है, तो निदेशालय से इसकी माँग करेंगे। आप लेखा हस्तक में निर्धारित प्रकिया का अनुपालन करते हुए क्रय कर वांछित समाग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करेगें। प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्तर पर अतिशीघ्र प्रारम्भ होने वाला है। अतः उपयुक्त सामग्रियों को 10 दिनों के अंदर क्रय कर निदेशालय को अवगत कराना सुनिश्चित करेगें।

विश्वासभाजन

ह०/19.11.

**(आर० लक्ष्मणन)**
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।